**प्रसार भारती**

**भारतीय प्रसारण निगम**

**आकाशवाणी केन्द्र शिमला**

**26.04.2025/प्रादेशिक समाचार/15.00बजे**

**प्रधानमंत्री–रोज़गार मेला**

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने कहा है कि जब युवा राष्ट्र निर्माण में भाग लेते हैं तो राष्ट्र तेजी से विकास करता है और विश्व में अपनी पहचान भी बनाता है। उन्होंने कहा कि आज देश के युवा अपनी मेहनत और नवाचार से दुनिया को दिखा रहे हैं कि देश में कितनी संभावनाएं हैं। प्रधानमंत्री आज विभिन्न सरकारी विभागों में और संगठनों में नवनियुक्त 51 हजार से अधिक युवाओं को रोज़गार मेले में वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के ज़रिए नियुक्ति पत्र वितरित करने के बाद बोल रहे थे।

प्रधानमंत्री मोदी ने कहा कि बजट में सरकार ने विनिर्माण मिशन की घोषणा की है और इसका उद्देश्य मेक इन इंडिया को बढ़ावा देना तथा भारत के युवाओं को वैश्विक मानकों के उत्पाद बनाने का अवसर देना है। उन्होंने कहा कि इससे न सिर्फ लाखों सूक्ष्म, लघु और मध्यम उद्यमों, छोटे उद्यमियों को बढ़ावा मिलेगा, बल्कि देशभर में रोजगार के नए अवसर भी खुलेंगे।

प्रधानमंत्री ने कहा कि कुछ ही दिनों में मुंबई में विश्व ऑडियो विजुअल और मनोरंजन शिखर सम्मेलन वेव्स 2025 का आयोजन होने जा रहा है।

नरेन्द्र मोदी ने कहा कि देश के युवा रचनाकारों को पहली बार ऐसा मंच मिल रहा है और मीडिया, गेमिंग व मनोरंजन क्षेत्र के नवोन्मेषकों के लिए अपनी प्रतिभा दिखाने का यह अभूतपूर्व अवसर है।

रोजगार सृजन को उच्च प्राथमिकता देने की प्रधानमंत्री की प्रतिबद्धता के अनुरूप 15वां रोजगार मेला आज देशभर में 47 स्थानों पर आयोजित किया गया। इधर, शिमला स्थित केन्द्रीय आलू अनुसंधान संस्थान में आयोजित रोज़गार मेले में केन्द्रीय कोयला व खान राज्य मंत्री सतीश चंद्र दुबे ने बतौर मुख्य अतिथि शिरकत की।

**कैंडल मार्च**

पहलगाम आतंकी हमले के विरोध में प्रदेश कांग्रेस ने शिमला में कैंडल मार्च निकाल कर मृतकों को श्रद्धांजलि दी। कैंडल मार्च में प्रदेश कांग्रेस प्रभारी रजनी पाटिल, प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष प्रतिभा सिंह, मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू, उप–मुख्यमंत्री मुकेश अग्निहोत्री सहित मंत्री, विधायक व कार्यकर्ता शामिल हुए। इस मौके पर मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू ने कहा कि देश की एकता और अखंडता पर प्रहार करने वाली बाहरी ताकतों के खिलाफ मुंहतोड़ जबाब देने के लिए कांग्रेस पार्टी केंद्र सरकार के साथ है।

**शिक्षक धरना**

प्रारम्भिक और उच्च शिक्षा का एक निदेशालय बनाने के विरोध में आज शिमला के चौड़ा मैदान में प्रदेश के सैकड़ों प्राथमिक शिक्षकों ने राज्य सरकार के खिलाफ धरना प्रदर्शन किया। प्राथमिक शिक्षक संघ के अध्यक्ष जगदीश शर्मा ने कहा कि प्रारंभिक और उच्च शिक्षा का एक निदेशालय बनाए जाने से शिक्षा में सुधार नहीं बल्कि शिक्षा की गुणवत्ता और नीचे गिर जाएगी। उन्होंने कहा कि धरने का उद्देश्य शिक्षा को प्रभावित करना नहीं है और आज भी स्कूलों में पढ़ाई हो रही है।

.................................................